दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-308
मुरादाबाद
29 February 2024
(Wednesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी की पुलिसकर्मियों को सलाह, बोले- थाना, चौकी और सड़क पर जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस की 2310 करोड़ की 144 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने की सलाह दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस को थाना, चौकी और सड़क पर आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद से बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाता है। पुलिस वर्दी में प्यार से बात करेंगे तो लोग खुश होते हैं। गाली देने से गलत संदेश जाता है। यह नये भारत के नये यूपी की आधुनिक पुलिस है। यूपी के बदलाव में पुलिस की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री बुधवार को गृह विभाग की 2310 करोड़ रुपये की लागत वाली 144 आवासीय एवं अनावासीय योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वाराणसी के प्रवासी भारतीय दिवस, प्रयागराज कुंभ, अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आए अतिथियों ने पुलिस के व्यवहार की खुले दिल से प्रशंसा की। एक प्रवासी ने मुझसे कहा कि पहले पुलिस का व्यवहार बहुत खराब रहता था। पुलिस अपराधियों, राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ कठोरतम व्यवहार करे लेकिन आमजन के साथ संवेदनशील रहे। राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु पुलिस की बदौलत सहूलियत के साथ दर्शन कर रहे हैं। आज हम यूपी पुलिस को देश और दुनिया भर में सबसे ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया करा रहे हैं। यह नई कार्य संस्कृति



है। बी और सी ग्रेड के शहरों में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली सबसे ऊंची इमारत पुलिस लाइंस के हॉस्टल और बैरक की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जिले तो बना दिए लेकिन पुलिस लाइन नहीं बनाई। शरीर से आत्मा को निकाल दिया जाए, पुलिस को ऐसा बना दिया गया था। मैंने लखनऊ की पुलिस लाइन में बैरकों की दुर्दशा को देखने के बाद बेहतर सुविधाएं देने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार इसके लिए करीब 20 हजार करोड़ रुपये दे चुकी है। हमने पारदर्शी तरीके से पुलिस में 1.60 लाख भर्तियां की। इतनी भर्ती करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। वहीं 1.50 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति दी। पहले प्रोन्नति देने में भी भेदभाव होता था। हम ट्रेनिंग की क्षमता को तीन गुना बढ़ा चुके हैं। हर पीएसी वाहिनी में भी इसका विस्तार कर रहे हैं, ताकि अन्य प्रदेशों के पुलिस बल भी यहां ट्रेनिंग ले सकें। सभी जिलों में साइबर क्राइम थानों वाला यूपी पहला राज्य बन चुका है।

### पहले कोई यूपी आना नहीं चाहता था

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल पहले कोई यूपी नहीं आना चाहता था। बीते वर्ष 35 करोड़ पर्यटक यूपी आए थे। अयोध्या में एक माह के भीतर 65 लाख श्रद्धालु आए हैं। वहां रोजगार और व्यापार कई गुना बढ़ा है। पहले अयोध्या में लोग जमीन अधिग्रहित करने का विरोध कर रहे थे।

अब खुद अपनी जमीन देने को लालायित हैं। पहले यूपी की पहचान माफिया और दंगा थी। महीनों तक कर्फ्यू लगा रहता था। व्यापारी और बेटियां असुरक्षित थे। पूर्व की सरकार दंगाईयों को गले का हार बनाती थी। दंगाईयों की काल यूपी पुलिस की पीएसी वाहिनियों को समाप्त किया जा रहा था। आज यूपी सबसे तेज गति से आर्थिक प्रगति करने, निवेश और पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य है।

### अब नहीं दिखता है कोई गुंडा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान मैंने देखा कि थानेदार इलाके के बाहुबली से दोस्ती कर लेता था। सीओ की बाहुबली से बात करने की हिम्मत नहीं होती थी। विपक्ष की राजनीति करना अपराध हो गया था। खुद को बचाने के लिए हमें बड़े अफसरों को फोन करना पड़ता था। हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस चुनाव में जबरन बैठा लेती थी। अब थाना क्षेत्र में कोई गुंडा नहीं दिखता है।

यह बदलाव अब देखने को मिला है। सरकार की इमेज बनाने में पुलिस ने बड़ा सहयोग किया है। हालांकि अभी थानेदारों को अच्छे व्यवहार की ट्रेनिंग देना आवश्यक है। पुलिस सुधार को भी लागू करना चाहिए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस में तकनीकी आधुनिकीकरण नए बदलाव की नींव रखेगा। इससे जवाबदेही वाला वातावरण बनेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव डीएस मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद उपस्थित थे। वहीं, डीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्र ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


## संक्षिप्त समाचार

### शेर की खाल पहनने से बिल्ली, शेर नहीं बन जाती, मंत्री की उद्धव को चुनौती- एक सीट जीतकर दिखाएं

गिरीश महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री न सिर्फ महाराष्ट्र आ रहे हैं, बल्कि वे आज ही तीन राज्यों का दौरा करेंगे, जो भी उद्धव ठाकरे ने कहा है, उस पर सिर्फ नासमझ लोग विश्वास कर सकते हैं। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर तीखा हमला बोला है। मंत्री ने उद्धव ठाकरे को चुनौती दी है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में एक सीट जीतकर दिखाएं। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन ने ये भी कहा कि शेर की खाल पहन लेने से बिल्ली शेर नहीं बन जाती। उन्होंने शरद पवार को भी चुनौती दी कि उन्हें अपनी बेटी सुप्रिया सुले की सीट की भी चिंता करनी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कसा था पीएम मोदी पर तंज-दरअसल उद्धव ठाकरे ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी को महाराष्ट्र में हार का डर सता रहा है, इस वजह से वे बार-बार महाराष्ट्र का दौरा कर रहे हैं। पीएम मोदी आज महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने हैं। उद्धव ठाकरे के इस बयान पर एक मीडिया चैनल के साथ बातचीत में प्रतिक्रिया देते हुए गिरीश महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री न सिर्फ महाराष्ट्र आ रहे हैं, बल्कि वे आज ही तीन राज्यों का दौरा करेंगे, जो भी उद्धव ठाकरे ने कहा है, उस पर सिर्फ नासमझ लोग विश्वास कर सकते हैं। क्या बोले गिरीश महाजन- महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास मंत्री गिरीश महाजन ने कहा

## रामपुर में बवाल: सिलईबड़ा में पुलिस और लोगों में विवाद, लाठीचार्ज कर खदेड़ा; चंद्रशेखर आजाद संभल में नजरबंद

रामपुर के सिलईबड़ा गांव में सरकारी जमीन पर आंबेडकर पार्क का बोर्ड लगाए जाने पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हुई फायरिंग के दौरान एक छात्र मौत हो गई। इससे गांव में तनाव बढ़ गया। बुधवार को लोगों से मिलने आ रहे भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को संभल में ही नजरबंद किया गया है। मंडलायुक्त ने कार्रवाई करते हुए मिलक के एसडीएम को निलंबित कर दिया है। रामपुर में सिलईबड़ा गांव में छात्र की फायरिंग में मौत होने के बाद लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बुधवार को प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिसकर्मी गांव में तैनात कर दिए हैं। सुबह से ही डीएम और एसपी मौके पर डटे हुए हैं। तहसीलदार और एसडीएम के खिलाफ केस दर्ज करने को लेकर प्रशासन और लोगों के बीच बहस हो गई। इसके बाद पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।पीड़ितों से मिलने रामपुर आ रहे भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने संभल में नजरबंद कर दिया गया है। इससे कार्यकर्ता और लोग गुस्से में हैं। उधर, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीएम मिलक अमन देओल को निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार की



शाम को सरकारी जमीन पर आंबेडकर पार्क का बोर्ड लगाए जाने पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। इस जानकारी पर पहुंचे एसडीएम और तहसीलदार ने बोर्ड हटवाने की कोशिश की तो एक पक्ष ने उन की गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस दौरान गोली लगने से 17 वर्षीय सुमेश की मौत हो गई। सुमेश ने सुबह ही दसवीं की परीक्षा दी थी। दोनों पक्षों के बीच उत्तेजना इस हद तक थी कि पुलिस पहुंचने के बाद भी पथराव और फायरिंग करते रहे। कुछ लोगों ने सीओ की गाड़ी पर भी पत्थर फेंके, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। हालात काबू करने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। छात्र की मौत से उस पक्ष के ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। उन्होंने पुलिस की गोली से मौत का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। एसपी ने आरोप निराधार बताया, जिसके बाद छात्र का शव रखकर एक पक्ष के लोग धरने पर बैठ गए। उन्होंने डीएम को मौके पर बुलाने की मांग शुरू कर दी।

डीएम के जिले से बाहर होने की जानकारी देने पर आक्रोशित लोग शांत नहीं हुए। हालात देख मुरादाबाद से कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज जी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि फायरिंग व पथराव में घिरकर गांव के अमित और रमन घायल हो गए। उन्हें उपचार दिलाया जा रहा है।

### डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाना चाहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि सिलईबड़ा गांव में करीब 15 दिन पहले प्रशासन ने ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटवाया था। इस जमीन पर कुछ लोग डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाना चाहते हैं। मंगलवार को वहां पार्क का बोर्ड लगाने पर दूसरे पक्ष ने विरोध किया तो दोनों पक्ष भिड़ गए।

### छह सिपाहियों समेत 25 पर मुकदमा

रामपुर के सिलईबड़ा गांव में फायरिंग में छात्र की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। लोगों ने रातभर धरना देते हुए पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मामले में लापरवाही मानते हुए बुधवार को चार सिपाहियों, एसडीएम और तहसीलदार के दो हमराह समेत 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। नाराज लोगों का कहना है कि एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ भी नामजद एफआईआर होनी चाहिए।

## सपा में शामिल हुए गुड्डू जमाली, अखिलेश बोले- पीडीए परिवार बढ़ने के साथ ही भाजपा का डर बढ़ रहा है

बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली बुधवार को सपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि पूरी शिद्दत से पीडीए को मजबूत करने का काम करेंगे। बताया जा रहा है कि इस निर्णय से सपा का आजमगढ़ का किला मजबूत होगा।राज्यसभा चुनाव में झटका खाने के बाद सपा फिर से आजमगढ़ के किले को मजबूत करने में जुट गई है। बुधवार को बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने किसी लोभ-लालच में यह फैसला नहीं लिया है। मैंने सोच समझकर यह निर्णय लिया है। आज देश के जो हालात हैं उसके लिए यह एक जरूरी निर्णय है।उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर हिंदू समाज के लोगों का अहसान है। मेरे 90 फीसदी दोस्त हिंदू हैं। मैं सोच भी नहीं सकता है कि हिंदू-मुसलमान को लड़ाया जा सकता है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा कि मैं जिंदगी भर सपा में ही रहूंगा और पीडीए को मजबूत करने का काम करूंगा। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार बढ़ता जा रहा है। लोग सपा में आ रहे हैं। 2024 के चुनाव में एक तरफ वो लोग है जो संविधान को



खत्म कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो हैं जो संविधान बचाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कभी समुद्र मंथन हुआ था अब संविधान मंथन होगा।पीडीए परिवार बढ़ने से भाजपा का डर बढ़ रहा है-इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार बढ़ता जा रहा है।

लोग सपा में आ रहे हैं। 2024 के चुनाव में एक तरफ वो लोग है जो संविधान को खत्म कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो हैं जो संविधान बचाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कभी समुद्र मंथन हुआ था अब संविधान मंथन होगा। राज्यसभा चुनाव में भाजपा को वोट करने वालों विधायकों पर अखिलेश यादव ने कहा कि अंतरात्मा वालों का अंतरखात्मा हो गया है। वो लोग जनता का कैसे सामना करेंगे जो भाजपा को हराकर आए हैं। सपा विधायक मनोज पांडेय के बारे में उन्होंने कहा कि वो तो हमें भाजपा-आरएसएस के बारे में सूचनाएं देते थे। मुझे दुख है कि अब मुझे वो सूचनाएं कौन देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को वोट करने वाले विधायकों पर नियम के अनुसार कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि उनको क्या पैकेज मिलेगा। इसका मुझे इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा को एक ग्रुप सिद्धांतहीन भाजपा का बना लेना चाहिए जिसमें दूसरे दलों से तोड़कर लाए गए लोगों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि पीडीए का परिवार बढ़ते जाने से भाजपा का डर बढ़ता जा रहा है। भाजपा राज में किसान, नौजवान और मुसलमान सब परेशान हैं सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसान, नौजवान और मुसलमान सब परेशान हैं। ये लोग भगवान राम का नाम लेकर बेईमानी करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इतनी सरकारें देखी हैं पर भाजपा से ज्यादा बेईमान कोई नहीं है।


## संपादकीय Editorial

### Less than five percent 'poor'

The Government of India has published the summary of the Household Consumption Expenditure Survey 2022-23 of the National Sample Survey Office (NSSO). This is important economic data on the average Indian family, its spending and 'poverty'. NITI Aayog has released its report. The most important finding is that less than 5 percent of the country's population, i.e. only 7.20 crore Indians, remain 'poor'. This poverty data has come out after 2011-12. A similar survey also came in 2017-18. 'Poverty' was seen increasing in it, hence Modi government had hidden that report. There was a lot of criticism of the government's economic data at that time. Many questions were also raised on the reality of 'poverty', hence after 11 years this survey has duly come out, in which suddenly less than 5 percent of the population of 'poor' is left. It has also been concluded that per capita monthly expenditure in rural areas is Rs 1441, whereas in cities the same expenditure is Rs 2087. Now people spend less on grains like wheat, rice, pulses etc., while spend more on packaged snacks, chips and fruits etc. According to the report of 2022-23, expenditure on food in rural areas is 46 percent of the per capita monthly expenditure. This expenditure was 59 percent in 1999-00. The average expenditure in cities is 39 per cent, whereas in 1999-00 the same expenditure on food was 48 per cent. Now the expenditure on fridge, TV, mobile etc. has increased by 15 percent. The report makes it clear that average income has increased, hence expenditure has also increased, but the trend and trends of expenditure have changed. This survey does not reveal how much there has been an increase in self-employment, salaries, wages, daily wages etc. during this period? RSS Sarkaryavah (General Secretary) Dattatreya Hosabale has been presenting before everyone the assessment that 20 crore people in the country are below the poverty line. About 23 crore people are unable to earn even Rs 375 per day. How can Dattatreya's revelations be rejected? Why is there this contradiction between the BJP government and the RSS leader in the analysis of poverty? The question is also that if only 7.20 crore Indians remain 'poor' in the country, then why are free grains being distributed to more than 80 crore people? Right now this grain is to be distributed for 5 years. For some time now, Prime Minister Modi has also been claiming that his government has brought 25 crore people out of 'poverty'. These figures of 'poverty' seem doubtful as to who knows on what basis 'poverty' has been decided! Has NITI Aayog decided the definition and criteria of 'poverty'? Therefore, they should also be made public. However, the survey said that in villages the monthly expenditure on grains is 4.91 percent, whereas in cities this expenditure is 3.52 percent. Rural spend only 2.01 per cent on pulses and urban spend 1.39 per cent. Apart from food, rural households spend 53 percent on other items and urban households spend 60 percent. June 2: Luxury items have replaced bread. Per capita expenditure in rural areas has increased by about 164 percent, while in cities it has increased by 146 percent. Including inflation, consumption has grown at a rate of 3.1 percent in rural areas, while the rate in cities is 2.7 percent. That means the level and pace of consumption in villages is faster than in cities. The average growth rate of GDP in these 11 years has been 5.7 percent. India's consumption growth has lagged behind the country's overall production and expansion. As a result, dissatisfaction is being seen among sections like farmers and political parties are busy distributing 'Ravdiyan'. Should it now be assumed that the poverty which the then Prime Minister Indira Gandhi could not eliminate during her tenure, is now being eliminated? What is most important is that the government.

# Now Ravi will flow only in India

Shahpur Kandi Dam is an example of how economic and bureaucratic challenges can be overcome if there is political will. It is about 2016, when Prime Minister Modi, showing foresight, took a bold decision to stop the water of Ravi River from going to Pakistan in the interest of lakhs of farmer families of Jammu and Kashmir and Punjab. This decision has now become a reality. The completion of Shahpur Kandi Dam and stopping of water to Pakistan has brought happiness back on the faces of the farmers of both the states. Now irrigation of 1,27,587 bighas of land in Kathua and Samba districts of Jammu and 20,624 bighas of Punjab will be ensured. Keeping in mind the supreme interests of the country and in accordance with the basic spirit of the Indus Water Treaty of 1960, the Shahpur Kandi Project, constructed at a cost of Rs 3,300 crore on the Ravi River, will usher in a new era of prosperity for Jammu and Punjab. This is like a dream come true for Kathua and Samba districts after 32 years, as the people here had to suffer due to lack of irrigation facilities. Moreover, the farmers of Punjab will benefit from the 206 MW project which will be ready by the end of this year. Pakistan has maintained cautious silence in this entire matter. Earlier it was being said that there would be a lot of uproar in Pakistan if Ravi water was stopped, but if it did not happen, it was because the provisions of the Indus Water Treaty of 1960 were violated somewhere. There has been no violation. According to this treaty, India will have exclusive rights on the waters of Ravi, Sutlej and Beas rivers and Pakistan will have exclusive rights on the waters of Jhelum, Indus and Chenab. Prime Minister Modi had announced in 2016 itself that India would take logical steps for proper utilization of water of Ravi, Sutlej and Beas rivers and to stop wastage of water flowing to Pakistan. A task force was also formed to study the modalities of utilizing the water of the three rivers and making it available to the farmers of Jammu and Kashmir and Punjab. Earlier in 1995, former Prime Minister late Narasimha Rao laid the foundation stone of Shahpur Kandi Dam, but it remained entangled in the tussle between the Punjab and Jammu and Kashmir governments. Due to the four and a half year delay in its implementation due to political reasons, its cost increased from Rs 2,793 crore to Rs 3,300 crore. Due to the intervention of Prime Minister Modi and the efforts of the Union Minister of State in the Prime Minister's Office, who is himself a resident of Jammu, the train came back on track and necessary finance was arranged for it from the Union Jal Shakti Ministry. Former Punjab Chief Minister Amarinder Singh convinced the Center to reduce its share from sixty to fourteen percent. This project also includes 71.39 percent electricity and 28.61 percent irrigation components. The Center has financed it through NABARD. Shahpur Kandi Dam, located downstream of the existing Sagar Dam on the Ravi River in Pathankot district of Punjab, has a height of 55.5 metres. It also has two power houses, which will serve the dual purposes of irrigation and electricity to earn revenue. Experts believe that this project will end the curse of farmers of Jammu of barren land, which is the literal meaning of Kandi. With this project, greenery will replace barren land and the regular threat of floods and destruction will be reduced. The 1,378 meter third J&K canal will provide irrigation facilities to more than six lakh population of 512 villages of Kathua and more than three lakh population of 368 villages of Samba. Additionally, Jammu and Kashmir will be able to get 20 per cent of the power generated from the project at the rate of Rs 3.40 per unit besides entitlement of 6.9 lakh acre feet of water from Ravi. This project will also increase the tourism potential of both the states. Analysts believe that political will overcomes bureaucratic hurdles and financial challenges. This is exactly what was seen in the Shahpur Kandi Dam project. But ultimately it has brought happiness on the sad faces of the farmers of Jammu and Kashmir and Punjab.



# War has become a profitable business

Let the wars continue all over the world, nothing can be better than this for America and the Western countries. The Russia-Ukraine war not cooling down even after three years shows how these countries have made global wars a means of employment generation and development of their economies. Three years have passed since the Ukraine-Russia war and it is clearly evident that neither America nor Russia is interested in stopping this irrational war. After all, what is the reason due to which this war is not ending? Thousands of lives have been lost and there has been widespread destruction in Ukraine, but for now there is no end in sight to the war. Not only this, Russia's military reputation also seemed to be affected in this war, because till now it has been able to capture only 17 percent of Ukraine. In fact, after the first year of the attack, America and Russia tested their military weapons. And used war zones to demonstrate. It seems as if both sides want to sell and display their weapons to remind us that war, regardless of the loss of life and property, provides the basis for a profitable business of selling arms. It is noteworthy that former US President General Eisenhower had admitted that America is a 'military industrial establishment'. The Ukraine war and Israel's attack on the Gaza Strip are recent examples of how at least a ceasefire could have been reached, but the vested interests of the military industrial establishment of the US and EU prevented this. Wars lead to arms sales and are a profitable venture for America and the West. This creates employment and provides money to election campaigns and candidates. The lure of expanding employment opportunities in Western countries comes at a cost to the lives of innocent people in other parts of the world, regardless of the moral claims of governments. US Secretary of State Antony Blinken recently said, 'If you If you look at the investments we've made in the defense of Ukraine to deal with Ukraine, 90 percent of the security assistance we've provided has actually been spent on manufacturers and production in America, creating jobs in America and our own The economy developed more. So this is a win-win deal for us, which we need to continue. The US Secretary of State was speaking at a joint press conference with British Foreign Secretary David Cameron in 2023. 'Arms transfers and defense trade are important tools of US foreign policy, which have a long-term impact on regional and global security,' says BBC analyst Max Matja. There may be an impact. The US State Department reported that the US government has directly signed deals for sales of more than $80 billion, which is 56 percent more than by 2022. The rest were sold directly to foreign countries by American defense companies. Ukraine's Foreign Minister recently said that the cost of the war is $ 136 million per day and the uproar in the US Parliament and the European Union over military aid and allocation to Ukraine. Due to this, Putin's morale increased and he ordered a major and aggressive attack on Ukraine. This has upset other European countries close to Ukraine. And U.S. arms sales abroad, in turn, surged last year, reaching a record total of $238 billion, as Russia's invasion of Ukraine boosted demand for weapons. The US and the EU have provided $113 billion and $91 billion in military aid and financial assistance, respectively, to Ukraine since the Russian invasion of Ukraine began. Leading US news agency Politico reports on what's going on in and around Washington , has shed light on that. When it comes to intense lobbying efforts to push for greater arms production and sales, Politico claimed that 'the White House quietly urges lawmakers of both parties to finance wars in other countries for a domestic economic boom' Promote. Politicians from both the Democratic and Republican parties have supported giving aid to Ukraine to resist Russia in order to prove that doing so is good for job creation in the United States.'Retired military officer and strategist, Joe Plays a lucrative role in the arms industry, ensuring that the defense giants' bids are made in the most effective manner possible. Even some media houses are in the group supporting these companies. Top executives of large defense corporations are deeply colluded with American politicians in powerful positions. Renowned national security analyst Melvin Goodman summarizes: 'The US Congress is particularly amenable to the arms lobby, which vetoes any legislation, including military It musters overwhelming bipartisan majorities for spending, including military deployments and military weapons. Senators and Representatives consider the military spending bill a 'jobs' bill.' Supporters of the American military industrial establishment have infiltrated the entire government and semi-government system. Lobbyists carefully collude with politicians. Defense contractors have deep connections to the political elite and, like big defense companies, they generously fund them to contest elections. Large defense companies, think tanks and other affiliates Institutions have patrons who can push the agenda of arms sellers. Indeed, one purpose of America's direct or indirect involvement in the Ukraine war is to ensure that the Russian defense industry continues to fail and that Russian arms manufacturers are prevented from exporting. Could be deprived of the money received. US arms sales to countries turning away from Russia also got a boost, according to the head of the US Arms Transfer Office.Institutions have patrons who can push the agenda of arms sellers. Indeed, one purpose of America's direct or indirect involvement in the Ukraine war is to ensure that the Russian defense industry continues to fail and that Russian arms manufacturers are prevented from exporting. Could be deprived of the money received. US arms sales to countries turning away from Russia also got a boost, according to the head of the US Arms Transfer Office.Institutions have patrons who can push the agenda of arms sellers. Indeed, one purpose of America's direct or indirect involvement in the Ukraine war is to ensure that the Russian defense industry continues to fail and that Russian arms manufacturers are prevented from exporting.

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा सम्पन्न

◆ बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहने पर अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ) बिजनौर, खनन अधिकारी बिजनौर, अमरोहा का जबाव तलब किए जाने के निर्देश

◆ सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को 15 दिन में मण्डल के प्रत्येक जनपद में कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास लगवाने के निर्देश



मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, अमृत सरोबर, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, पर्यटन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पशुधन, सेतु निर्माण, श्रम, स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, नियमित टीकाकरण, पोषण मिशन आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नम्बर-1 रैंक में बनें रहने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने उप निदेशक पशुपालन को निर्देशित किया कि मण्डल के प्रत्येक परिवार के पशुओं की गणना की जाये। बिना बताये कोई भी पशु न छोड़ेगा तो पैनाल्टी पड़ेगी, इस संबंध में पंचायत राज विभाग को भी सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिये।

बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी 15 दिवस के भीतर मण्डल के प्रत्येक जनपद में कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास लगवाए जाने की कार्यवाही प्रत्येक दशा में कराकर अवगत कराएँ।

अपर निदेशक, पशुपालन व उप-निदेशक पंचायत को निर्देशित किया गया कि मण्डल के प्रत्येक जनपद में पशुओं की जनगणना ( गोवंशीय व महीषवंशीय की अलग-अलग व कितने बछड़े/बछिया व गर्भवती पशु हैं ) 15 मार्च तक कराकर अवगत कराएँ। अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खराब सड़कों की मरम्मत न कराए जाने वाली एजेन्सियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर अवगत कराएँ। बिना अनुमति के सभा में अनुपस्थित रहने पर अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ) बिजनौर, खनन अधिकारी बिजनौर/ अमरोहा का जबाव तलब किए जाने के निर्देश दिए गए।

मण्डलायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के अर्न्तगत ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़क की मरम्मत नहीं की गयी तो एफ0आई0आर0 दर्ज होगी। अतः इसको सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होंने सभी सी0डी0ओ0 को सड़कों की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये और उपनिदेशक पंचायत से कहा कि ग्राम पंचायतों में सड़क खोदकर ठीक न करने वाले लापरवाहों के विरुद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करायें। जिन ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने का कार्य पूर्ण हो गया है उपनिदेशक पंचायत उनकी सूची उपलब्ध करायें। मण्डलायुक्त सभी मुख्य विकास अधिकारियों को विकास कार्यो की नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश दिए।

ई-कवच एप्प पर सी0एम0ओ0 द्वारा मानीटरिंग न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि कुपोषण पर कार्य किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी एक-एक ब्लाक मे मछली पालने हेतु मछली पालन एवं हेचरी हेतु स्थान चिन्हित करें तथा तालाबों को डवलप करें। सेतु निर्माण निगम में रामपुर ई कैटेगरी सड़क अनुरक्षण में मुरादाबाद बी कैटेगरी में, कौशल विकास में बिजनौर बी कैटेगरी, कन्या विवाह सहायता योजना एवं सामूहिक विवाह योजना में सम्भल बी कैटेगरी में होने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बेहतर प्रयास कर रैकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये। भवन निर्माण में सम्भल व रामपुर ई कैटेगरी, डिलीवरी सर्बिस में मुरादाबाद 56.83 प्रतिशत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में बिजनौर की 33.11 प्रतिशत, दुग्ध मूल्य भुगतान में अमरोहा सी कैटेगरी, 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में सम्भल बी कैटेगरी, 5वां राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत सम्भल ई कैटेगरी, फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय में रामपुर सी कैटेगरी, तथा स्वच्छ भारत मिशन में मुरादाबाद एवं सम्भल डी कैटेगरी में होने पर मण्डलायुक्त ने कार्य प्रगति में सुधार लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने नियमित टीकाकरण पोषण तथा एनीमिया मुक्त भारत की समीक्षा करते हुए ठीक प्रकार से कार्य कर प्रथम स्थान पर बनें रहने के निर्देश दिये हैं। नियमित टीकाकरण में सबसे कम सेशन मुरादाबाद में कराए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद को ठीक प्रकार से कार्य कर सेशन में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी अमरोहा श्री राजेश त्यागी, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम श्री बृजेश कुमार, डिप्टी

# महिला मरीज को नशीली दवा पिलाकर किया दुष्कर्म एसएसपी से लगाई इंसाफ की गुहार



क्यूँ न लिखूँ सच
अजहर अली

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर के इलाके की निवासी एक महिला ने भोजपुर के इलाके गांव गणेशपुर स्थित हॉस्पिटल के डॉक्टर पर आरोप लगाया है दरअसल दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया है कि मुझे शाइस्ता नाम की महिला मकसूद के पास वह दवा लेने गई थी जहां उसे डॉक्टर ने नशीली दवा पिलाकर उसको बेहोश करने के बाद उसके साथ बलात्कार जैसी घटना को अंजाम दे डाला आपको बता दें पति और परिवार के लोगो के साथ महिला एसएसपी ऑफिस पहुची और इंसाफ की गुहार लगाते हुए

डॉक्टर मसूद के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए एक प्रार्थना पत्र भी दिया गया ,बही इस मामले मे महिला को मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिलाया गया है

# मोदी सरकार किसान विरोधी ,किसानों की मांगे तत्काल मानी जाए:ज्ञान सिंह

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा



सीधी - मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की अगुवाई में किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों के समर्थन में कांग्रेस 29 फरवरी को वीथिका भवन प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर रही है पत्रकार वार्ता के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है आज देश का किसान अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी चाहता है जिसका वादा भाजपा की केंद्र सरकार ने तीन वर्ष पूर्व किया गया था लेकिन अब अपने वादे को पूरा न करके किसानों के आंदोलन को दमनकारी नीति से दबाना चाहती हैं लेकिन कांग्रेस किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों के साथ है और उनकी आवाज बुलंद करने के लिए धरना प्रदर्शन कर रही है उन्होंने आगे कहा कि महंगाई बेरोजगारी का भ्रष्टाचार भाजपा सरकार में चरम पर है आवारा पशुओं की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है किसानों को अपनी फसल बचना मुश्किल हो रहा है अतिवृष्टि और ओला से किसानों की फसल बर्बाद हो गई लेकिन प्रशासन ने आज तक सर्वे नहीं किया इन्हीं सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस का धरना आयोजित है जिलाध्यक्ष ने किसान भाईयों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंचने की अपील की है ।

# जिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नगर आयुक्त से मिलकर इस नई सच्चाई से उन्हें रूबरू कराया

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ



जिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नगर आयुक्त से मिलकर इस नई सच्चाई से उन्हें रूबरू कराया। बुधवार को जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद की अगुवाई में कांग्रेसी पार्षद नगर आयुक्त से मुलाकात करने पहुंचे। मामला वार्ड 67 हसन खा की चोकी से अंडयवालान से झबबु कै नाले चोराह तक की टूटी फूटी खस्ताहाल सड़क व सड़क पर किचड और जल भराव का था। कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को एक शवयात्रा की वीडियो भी दिखाई। बताया कि किस तरह गन्दे पानी व जर्जर रास्तों से होकर स्वर्गवासी को शमशान ले जाया जा रहा है। जीते जी नरक के हालातों से दो चार होने के अलावा मरने के बाद भी नरक के रास्तों से स्वर्ग का सफर तय करना पड़ रहा है। इसी के साथ सुबह शाम गुजरने वाले स्कूली बच्चों को भी इसी तरह का रास्ता तय करना पड़ता है इसके अतिरिक्त गुंबद वाली मस्जिद के नमाजियों को भी पांच वक्त इसी दुश्वारियां से गुजरते हुए नमाज को जाना पड़ता है आगामी माह में रमजान भी शुरू हो रहे हैं जिसके कारण उपरोक्त सड़क पर आमजन का लोड और बढ़ जाता है इसके कारण किसी बड़ी घटना ना घटित हो इसलिए प्रतिनिधिमंडल ने उक्त समस्या से नगर आयुक्त को अवगत कराया वारहाल नगर आयुक्त ने कांग्रेसियों की दरख्वास्त का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन इस प्रतिनिधि मंडल को दिया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के साथ माइनारिटी के अफजल साबरी,पार्षदगण मोहम्मद जुनेद शमशेर अली मोअज़्ज़म अली इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

# हरियाणा से तस्करी कर लायी जा रही 36 अदद शराब की बोतलो के साथ गिरफ्तार किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ




मुरादाबाद-पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक श्री राजन शर्मा थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में दिनांक 27.02.2024 को उ0नि0 श्री श्याम बाबू मय टीम के चैकिंग के दौरान 02 नफर अभियुक्तगण 1- नीरज कुमार पुत्र जगदीश दास निवासी पट्टी जसौली थाना कोटवा जिला पूर्वी चम्पारण ( बिहार ) उम्र 22 वर्ष 2- निशान्त कुमार मिश्रा पुत्र देवेन्द्र मिश्र निवासी हरिवाटिका शहर वैतिया थाना मुफ्फसिल जिला पश्चिम चम्पारण ( बिहार ) उम्र 27 वर्ष को रेलवे स्टेशन मुरादाबाद पर हरियाणा से तस्करी कर लायी जा रही 36 अदद शराब की बोतले रायल स्टैग, रेड लेबल, रायल चैलेंज हरियाणा मार्का के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 51,950 रुपये है। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

बरामदगी का विवरण- 1-17 बोतल रायल स्टंग 2- 15 बोतल रेड लेबल 3- 04 बोतल रायल चॅलेज कीमत करीब 12,750 रुपये कीमत करीब 36.000 रुपये कीमत करीब 3,200 रुपये कुल 36 बोतल जिनकी कुल कीमत 51,950 रुपये है। पुछताछ विवरण- कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग हरियाणा से सस्ते दामों में शराब खरीदकर यू0पी0 में महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं। आज भी हम लोग हरियाणा से शराब खरीदकर ला रहे थे लेकिन पुलिस ने हमे पकड़ लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम 1. उ0नि0 श्याम बाबू थाना जीआरपी मुरादाबाद। 2. हे0का0 20 विवेकपाल 3. का0 1041 सुमित कुमार 4.उ0नि0 अमित कुमार ( RPF पोस्ट मुरादाबाद ) 5. ए0एस0 आई0 संजीव ( सीआईबी विग मुरादाबाद

## सीधी जिले में भीषण सड़क हादसा दो युवतियों की गई जान

क्यूँ न लिखूँ सच -अरुण मिश्रा

सीधी - सीधी में दो युवतियों को ट्रक ने कुचला दोनों की दर्दनाक मौत, धान से लोड ट्रक ने युवतियों को कुचला,पहले ऑटो ने दोनों युवतियों को ठोकर मारी जिससे दोनों युवतियां ट्रक के पहिया के नीचे आई,दोनों युवतिया ट्रक के पहिये के नीचे आने से हुई मौत, दोनों युवतियों का शव ट्रक पहिये में दबा,आक्रोशित परिजनों ने किया चक्का जाम, मौके पर पहुँचीं पुलिस समझाईस में जुटी,कुछ दिन बाद ही मृतक युवती की होनी थी शादी, शहर नो एंट्री होने के बावजूद भारी वाहन, बेधड़क से भारी वाहन शहर में दिनदहाड़े करते हैं प्रवेश नहीं है उन पर कोई अंकुश, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीधी का कमर्जी मुख्य मार्ग की घटना।। बतादें की हादसा इतना भयानक था कि दोनो युवती की घटना स्थल पर मौत हो गई मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है प्रशासन के पहुंचने के बाद भी जाम की स्थिति बनी हुई हैं

# मोदीजी को पुन: प्रधानमंत्री बनने के संकल्प के साथ करें लाभार्थी संपर्क - रीती पाठक

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा




सीधी -लाभार्थी सम्पर्क से बढ़ाएं पार्टी का 10 प्रतिशत वोट नगर मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला सम्पन्न सीधी। लाभार्थी सपर्क अभियान की सीधी नगर मंडल की कार्यशाला सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और लोकसभा संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी की विशिष्ट उपस्थित में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ लाभार्थी सपर्क अभियान में शामिल हो। जनता के साथ आत्मीयता के साथ संवाद करें। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का बखान करें। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का जिक्र करें और यह भी बताएं कि कांग्रेस के शासनकाल में देश विश्व की 11वीं 12वीं अर्थव्यवस्था के बीच झूला झूला करता था, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में आज देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर खड़ा है। अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने बोलते हुए कहां कि अब तो सारे विपक्ष के लोग भी यह मानते हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बन रही है। भ्रष्टाचार मुक्त और स्वावलंबी भारत के लिए मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। हर लाभार्थी को प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी का प्रणाम भी कहना है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने गांव चलो अभियान की समीक्षा एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के देवेंद्र सिंह मुन्नू, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप कुमार द्विवेदी, विश्व बंधु बंधु धर द्विवेदी, विवेक सिंह चौहान, महामंत्री विनोद साकेत, विधानसभा वस्तारक तरूणेन्द्र शेखर चतुर्वेदी, भोला प्रसाद गुप्ता, सुनीता रानी वर्मा, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, पुनीत नारायण शुक्ला, मनीला सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, विभा शर्मा, धर्मेंद्र शुक्ला, हीरालाल कोरी, बृजेश सिंह चौहान, रीता सोनी, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, पार्षद आनंद परियानी, अजीत वर्मा, नरेंद्र गौतम, हरिनाथ सिंह, जितेंद्र तिवारी, पार्षद जमुना कोल, कंचन केसरी, आरती सिंह, सुभा देवी कोल, मोहम्मद कलाम, हरिनाथ सिंह, महिमा तिवारी, ममता सोनी, प्रदीप सिंह, नंदलाल जेठानी, तारावती साहू, राजकुमारी यादव, श्यामलाल केवट, कौशलेंद्र सिंह, रन्नू साकेत सहित 47 बूथों से कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे द्य

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# टीबी मुक्त समाज के निर्माण में हो सबकी सहभागीता

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारत को टीबी मुक्त देश बनाने के लिए समय सीमा का निर्धारण 2025 किया गया है और पुरे विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य 2030 है। जिसका प्रमुख स्लोगन 'टीबी हारेगा-देश जितेगा' है। टीबी की बिमारी हवा के माध्यम से फैलने वाली बीमारी है। जिसके लिए केन्द्र सरकार ने टीबी मुक्त पंचायत के लिए कार्ययोजना बनाया है। इसी सपना को साकार करने के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक गणपत नायक तथा जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जे.एस.सरूता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को आदर्श एकलव्य विद्यालय प्रतापपुर में डॉ. विजय सिंह बीएमओ एवं सतीश श्रीवास्तव बीपीएम के निर्देशन में पिरामल फाऊंडेशन छत्तीसगढ़ के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर छात्र छात्राओं तथा शिक्षकवृंदों को टीबी मुक्त भारत की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पिरामल स्वास्थ्य सूरजपूर के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने कहा की टीबी हारेगा देश जितेगा। टीबी मुक्त समाज के लिए सबका सहयोग आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन का अपना अलग महत्व होता है। किसी विषय वस्तु को विद्यार्थी बड़े गम्भीरता से लेते हैं। इस विद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थी है। इस विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी तो स्वयं लाभान्वित होंगे ही साथ ही साथ अपने परिवार और इष्ट-मित्रों को भी बतायेगें। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के लिए सभी लोग हाथ बंटायें। जिसे भी दो हफ्ते से ज्यादा दिन का खांसी हो तो बलगम का जांच करवाये। इस बिमारी से बचाने के लिए एक ही उपाय है की हमारे पास-पड़ोस में टीबी के एक भी रोगी न हो या है भी तो उपचार ले रहा हो। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत में छात्र-छात्राओं की भूमिका यह है कि एक तो टीबी की जानकारी लेकर स्वयं को बचाना और जैसे ही कोई टीबी के सम्भावित केश दिखें तो उसका बलगम जांच हेतु सुझाव देना। यह यह भी बताना की इसका सम्पूर्ण इलाज जांच निःशुल्क है। टीबी के लक्षण उपचार, डॉट्स पद्धति, बलगम जांच के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया।

# जिला स्तरीय समझ के साथ स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, श्री रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक श्रीमती कमलेश नंदनी साहु के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक शशिकान्त सिंह एवं सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव के मार्गदर्शन में तथा सहायक परियोजना समन्वयक शोभनाथ चौबे एवं सुरविन्द कुमार गुर्जर की उपस्थिति में जिला स्तरीय समझ के साथ स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में मुलभूत साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् बच्चों में स्कूल से लेकर विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर समझ के साथ स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी बच्चों में एफ.एल.एन. की दक्षताएं प्राप्त करना तथा स्कूलों में अध्ययन कर रहे प्रत्येक बच्चे की पठन क्षमता, समझ के साथ पढ़ने का कौशल निपूर्ण भारत के नार्म्स अनुरूप किया जाना है। कार्यक्रम में शोभनाथ चौबे सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा अपने उद्बोधन में समझ के साथ स्पीड रीडिंग के संबंध में प्रकाश डाला गया तथा भविष्य में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित करते हुए प्रतियोगिता के विभिन्न चरणो पर सविस्तार प्रकाश डाला गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखण्डों से चयनित प्रतिभागियों में माध्यमिक स्तर से 08 बच्चे एवं प्राथमिक स्तर से 07 बच्चों ने भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के साथ उनके पालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में माध्यमिक स्तर पर अमृत लाल कंवर, व्याख्याता, अनुरंजन केरकेट्टा ( व्याख्याता ) शासकीय हाई स्कूल नवापारा एवं मंजू पाणिग्रही ( व्याख्याता ) शासकीय कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर तथा प्राथमिक स्तर में अनुज नारायण दुबे ( संकुल समन्वयक ) कन्या सूरजपुर मीना मगरे ( शिक्षक ) तथा माया कुमारी सिंह( शिक्षक ) कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर की भूमिका प्रमुख थी। माध्यमिक स्तर में प्रथम स्थान कु. नैन्सी टोप्पो, मा.शा. कोरोंधा, प्रतापपुर, द्वितीय स्थान लवकेश मा.शा. लाछा, सूरजपुर एवं तृतीय स्थान तरूण देवांगन सेजेस हिन्दी माध्यम विश्रामपुर एवं प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान कु. कविता भास्कर, प्रा.शा. केंवरा, प्रतापपुर, द्वितीय स्थान अंशिखा विश्वकर्मा प्रा.शा. विश्रामपुर एवं तृतीय स्थान लवली कुमारी पाटले प्रा.शा. बांधपारा, अनरोखा, भैयाथान ने प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ती पत्र एवं मेडल के माध्यम से तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रशस्ती पत्र एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार मण्डल विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सुदर्शन राजवाड़े बीआरपी सूरजपुर, सुमन वर्मा, अधीक्षिका केजीबीव्ही सूरजपुर, सहदेव राम रवि सीएसी, गौतम शर्मा प्रधान पाठक, रामप्यारे पैकरा, प्रधान पाठक, अनिल, दादूराम टण्डन, राजेश सिंह रावत, नवल किशोर चौधरी, अनिल कुमार सिंह, अनिता बेक, सुचिता सिवानी खलखो, संतोष यादव, दिलिप कुमार श्रीवास्तव, राजाराम साहु, राम किशुन राजवाड़े, अमरसाय साहु, दीपक मिंज, शिक्षक/शिक्षिकाएं तथा अमरजीत तिर्की, सुदर्शन सिंह एवं बलराम ठाकुर, का सहयोग सराहनीय रहा।

# सूरजपुर छात्र की उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरपंच एवं एबीईओ ने किया पालक से संपर्क

## पण्डो बस्ती में घर घर जाकर पालकों को शिक्षा का बताया महत्व

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शिक्षा में गुणवत्ता लाने एवं कसावट के उद्देश्य से विकासखंड रामानुजनगर में शिक्षा अधिकारियों का लगातार सघन निरीक्षण जारी है। आज पीएमश्री प्राथमिक शाला केशवपुर निरीक्षण सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू के द्वारा किया गया। किचन गार्डन, स्वच्छता, शौचालय मरम्मत, पाठ्यक्रम पूर्णता, छात्र उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। मध्यान्ह भोजन संचालक ''जय भोले बाबा महिला स्व सहायता समूह'' के अध्यक्ष श्रीमती फूलमेत सिंह से प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर चर्चा किया गया।

विकसित किए जा रहे किचन गार्डन के सुरक्षा हेतु छात्रों की निगरानी समिति गठन का निर्देश दिया गया। न्यून छात्र उपस्थिति पर गंभीरता से विचार कार्य योजना बनाया गया। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती राजमानिया सिंह, प्रधान पाठक श्रीमती रागिनी शुक्ला, सहायक शिक्षक ठाकुर पैकरा के साथ ग्राम के दूरस्थ मोहल्ला पंडोपारा के विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो पालको जवाहिर पण्डो, मंगल पण्डो, बैजनाथ पण्डो एवं सुरेश पण्डो सहित 12 घरों से संपर्क कर शिक्षा का महत्व बताया गया तथा बच्चो को रोज विद्यालय भेजने का आग्रह किया गया। प्रधान पाठक को ग्राम के जनप्रतिनिधियों, शिक्षा समिति के सदस्यों के सहयोग से प्रतिदिन घरों में संपर्क करने का निर्देश दिया गया। सरपंच ने आश्वासन दिया कि छात्रों की उपस्थिति को लेकर अपने पंचगण के साथ काम करेंगे तथा पालकों को जागरूक करेंगे।

# प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 के जिला/राज्य स्तर पर चयनित बच्चों को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, श्री रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक श्रीमती कमलेश नंदनी साहु के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक शशिकान्त सिंह एवं सहायक संचालक रविन्द्र सिंह देव के मार्गदर्शन में तथा सहायक परियोजना समन्वयक शोभनाथ चौबे एवं प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 के जिला नोडल अधिकारी सुरविन्द कुमार गुर्जर की उपस्थिति में जिला स्तरीय समझ के साथ स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर के सभाकक्ष में प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 के जिला स्तरीय चयनित 04 बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 के अन्तर्गत ( प्राथमिक शाला स्तर से हायर सेकेन्डरी स्तर ) तक राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेश के शालाओं में किया जाना है। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं की बहादुरी के कार्यों और उनके जीवन की कहानियों का विवरण प्रसारित किया जाना है, ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके और उनमें नागरिक चेतना के मूल्यों को स्थापित किया जा सके। उक्त के संबंध में सूरजपुर जिले के अधिकांश विद्यालयों में यह कार्यक्रम कराते हुए ऑनलाइन प्रविष्टि किया गया था। प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 के अन्तर्गत राज्य स्तर पर चयनित छात्रा कु0 संजना बंजारा सेजेस प्रेमनगर, विकासखण्ड प्रेमनगर को जिले में आयोजित गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक, भरतपुर सोनहत एवं कलेक्टर श्री रोहित व्यास के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। तथा जिले स्तर पर चयनित कुमारी दिव्या सारथी, प्रा.शा. चट्टीडांड़, सूरजपुर साक्षी राजवाड़े सेजेस बतरा भैयाथान संस्कार कुशवाहा सेजेस भुवनेश्वरपुर, रामानुजनगर एवं अजय कुशवाहा सेजेस नवापारा सूरजपुर को जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रमाण पत्र, सामान्य ज्ञान की पुस्तक एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार मण्डल विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सुदर्शन राजवाड़े बीआरपी सूरजपुर, सुमन वर्मा, अधीक्षिका केजीबीव्ही सूरजपुर, सहदेव राम रवि सीएसी, गौतम शर्मा प्रधान पाठक, रामप्यारे पैकरा, प्रधान पाठक, अनिल, दादूराम टण्डन, राजेश सिंह रावत, नवल किशोर चौधरी, अनिल कुमार सिंह, अनिता बेक, सुचिता सिवानी खलखो, संतोष यादव, दिलिप कुमार श्रीवास्तव, राजाराम साहु, राम किशुन राजवाड़े, अमरसाय साहु, दीपक मिंज, शिक्षक/शिक्षिकाएं तथा अमरजीत तिर्की, सुदर्शन सिंह एवं बलराम ठाकुर, का सहयोग सराहनीय रहा।

# महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का हुआ समापन

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस आज महाविद्यालय में विज्ञान व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञान व्याख्यान के लिए डॉ. प्रेमप्रकाश सिंह जीवन विज्ञान संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर द्वारा विद्यार्थियों को डॉ. सी.वी. रमन के द्वारा की गई खोजों के बारे में तथा मानव शरीर में विभिन्न प्रकार के रोगों से संबंधित बनने वाले विभिन्न प्रोटीन की क्रियाविधि को बताया गया। डॉ.पी. पी. सिंह के द्वारा विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल का भी अवलोकन किया गया उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने तथा अपने क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विज्ञान के द्वारा हल करने के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एन दुब द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े रहने के लिए सतत प्रयास करते रहने हेतु प्रेरित उद्?योधन दिया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस एड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, तथा डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया है। डिपार्टमेंट आफ साइस एड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली द्वारा भी विद्यार्थियों को ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। सीकास्ट के जनरल डायरेक्टर डॉ. एस. एस. बजाज द्वारा तथा साइंटिस्ट सी डॉ. जे. के राय मैडम के द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में बताया गया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय को सभी विद्यार्थी सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र दल को दिया गया प्रशिक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच




